विद्यालय निरीक्षण

दिनांक 24 नवंबर 2022 को सेंट मोंटफोर्ट स्कूल में सुपीरियर जनरल ब्रदर कलरेकल द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया ।उनके साथ प्रोविंशियल सुपीरियर ब्रदर एलेक्स भी उपस्थित थे ।इस हेतु विद्यालय में कॉमन असेंबली का आयोजन स्पेशल असेंबली के रूप में किया गया ।जिसमें कक्षा 3 से 12 वीं तक के सभी छात्र– छात्राएं प्रार्थना स्थल पर उपस्थित थे। विद्यालय प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के. के. ने एक पौधा और शॉल देकर ब्रदर जॉन कलरेकल एवं ब्रदर एलेक्स का स्वागत किया।

कक्षा 11वीं के छात्र छात्राओं ने यह स्पेशल असेंबली तैयार की थी ।इस असेंबली में विशेष प्रार्थना के साथ एक प्रार्थना गीत समूह गान के रूप में प्रस्तुत किया गया । सुपीरियर जनरल ब्रदर कलरेकल ने जन्मदिन वाले बच्चों को आशीर्वाद दिया । इसके बाद छात्र छात्राओं के द्वारा एक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया । अपने अभिभाषण में उन्होंने महात्मा गाँधी और विवेकानंद जी का उदाहरण देकर बताया कि विद्यार्थी जीवन हमारे जीवन का स्वर्णिम समय होता है इस समय जो संस्कार छात्र के जीवन में प्रतिरोपित होते हैं वे जीवन भर उसे सफलता दिलाते हैं । उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र –छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर शुभकामनाएं दी ।

अंत में विद्यालय की छात्रा जी. कृष्णप्रिया ने आभार व्यक्त किया।

दोपहर के समय विद्यालय के समस्त शिक्षक – शिक्षिकाओं से उन्होंने बातचीत की। परिचय प्राप्त करने की श्रृंखला में उन्होंने सभी से अपने अनुभव सांझा किए तथा कार्यक्रम की सराहना की । अंत में समस्त विद्यालय परिवार के साथ एक ग्रुप फोटो खिंचवाया ।

विद्यालय की कोऑर्डिनेटर श्रीमती ज्योति विबिन नायर ने आभार प्रदर्शन किया ।

श्रीमती – मीना शर्मा